STD 10 HINDI - EPISODE :29 DATE 09 -11 -2021

पाठ का नाम :बच्चे काम पर जा रहे हैं।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें:

11) " बच्चे काम पर जा रहे हैं " किस विधा की रचना है ?

उत्तर : कविता |

2) बच्चे काम पर जा रहे हैं नामक कविता के कवि कौन है ?

उत्तर : राजेश जोशी |

3) राजेश जोशी के बारे में आप क्या जानते हैं?

उत्तर : राजेश जोशी हिंदी के आधुनिक कवियों में प्रमुख हैं। सामाजिक समस्याओं के चित्रण में वे विशेष निपुण है ।आपकी कविताएँ गहरी सामाजिक सच्चाई की कसौटी है।" दो पंक्तियों के बीच " नामक काव्य संग्रह के लिए आपको साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

4) बच्चे काम करने के लिए कब जा रहे हैं ?

उत्तर : सुबह- सुबह |

5) ' हमारे समय ' से क्या मतलब है ?

उत्तर : आज का समय यानी वर्तमान समय

6) ' हमारे समय की सबसे भयानक
पंक्ति है यह ' - ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर : बच्चे पढ़ने- लिखने के लिए नहीं जा रहे हैं। वे खेलने- कूदने के लिए भी नहीं जा रहे हैं। पढ़ने- लिखने के समय में, खेलने- कूदने के समय में यहाँ बच्चे

काम पर जा रहे हैं , अर्थात् हमारे समाज में आज भी कुछ बच्चे पढ़ना खेलना छोड़कर काम पर जाने के लिए विवश होते हैं । इसलिए बच्चों का काम पर जाना सबसे भयानक पंक्ति है |

7) बातों को सवालों की तरह लिखा जाने से क्या फायदा है ?

उत्तर : यदि हमारे सामने एक सवाल है तो हम उसका उत्तर ढूंढने की कोशिश करेंगे । यहाँ कवि बालश्रम पर कई प्रश्न पूछना चाहते हैं । क्यों कि हमें बाल- श्रम जैसी भयानक समस्या को दूर करना है । सवाल समस्याओं को दूर करने का उपाय देता है । स्वाल हमारे सोच विचारों को प्रोत्साहन देता है । यहीं सवालों की शक्ति है । सब बातों को सवालों की तरह लिखने से यहीं फायदा है ।

8) क्या किसी भूकंप में ढह गई है सारे मदरसों की इमारतें - इन पंक्तियों द्वारा कवि क्या कहना चाहते हैं ?

उत्तर : यदि मदरसा या पाठशाला है तो बच्चों को वहाँ पढ़ने के लिए जाना ही है । पर यहाँ बच्चे काम पर जा रहे हैं । इसलिए कवि की आशंका है कि मदरसों की इमारतें किसी भूकंप में गिर गई है । शायद इसलिए बच्चे काम पर जा रहे हैं ।

नवीन शब्दार्थ

कोहरा - മൂടൽമഞ്ഞ്

कोहरे से ढँकी - മഞ്ഞ് മൂടിയ

पंक्ति - വരി , Line

सवाल = प्रश्न

फायदा - गुण, लाभ

गेंद - പന്ത്

दीमक - ചിതൽ

खिलौना - കളിപ്പാട്ടം

दबना - അമർന്നുപോവുക

मदरसा -   पाठशाला

इमारत -കെട്ടിടം

ढहना- തകർന്ന് വീഴുക

* *